केन्द्रीय अध्ययन दल की तमिलनाडु की यात्रा

682. श्री रामावतार शास्त्री : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या तमिलनाडु की भयंकर बाढ़ में हुई क्षति का पता लगाने के लिए कोई केन्द्रीय अध्ययन दल वहां गत दिसम्बर मास में गया था ;

(ख) यदि हां तो उसके द्वारा प्रेषित रिपोर्ट की मुख्य बातें क्या हैं

(ग) क्या तमिलनाडु सरकार ने बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायताकार्यों के लिए केन्द्रीय सरकार से 25 करोड़ रुपए देने की मांग की है; और

(घ) यदि हां तो इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) जी हां ।

(ख) से (घ). राज्य सरकार द्वारा सहायता, मरम्मत और पुनर्वास संबंधी विभिन्न उपायों के लिए प्रस्तुत की गयी 30.16 करोड़ रुपये की आवश्यकता के मुकाबले केन्द्रीय दल ने 1973-74 के वित्तीय वर्ष के लिए 7.25 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा की सिफारिश की है । इन अधिकतम सीमाओं को स्वीकार कर लिया गया है और राज्य सरकार को सूचना दे दी गयी है। राज्य सरकार को अब तक 3.50 करोड़ रुपये की रकम दे दी गयी है । अधिकतम सीमा के अन्तर्गत और सहायता राज्य सरकार द्वारा किये गये व्यय की सूचना के आधार पर दी जायगी ।

पटना के फुलवारी शरीफ में इलाहाबाद बैंक की शाखा का खोला जाना

683. श्री रामावतार शास्त्री : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या राष्ट्रीयकृत इलाहाबाद बैंक की एक शाखा पटना जिले के फुलवारी शरीफ में खोली गयी है;

(ख) क्या बैंक की रक्षा करने के लिए किसी सशस्त्र द्वारपाल की नियुक्ति भी नहीं की गयी है; और

(ग) यदि हां तो इसका क्या औचित्य है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). पटना जिले में इलाहाबाद बैंक की फुलवारी शरीफ शाखा की स्थापना एक-व्यक्ति शाखा के रूप में की गयी है जिसमें एक प्रबन्धक तथा एक चपरासी एवं फराश है । कारोबार की मात्रा में वृद्धि होने पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की जायेगी । आमतौर पर ऐसी शाखाओं को सशस्त्र रक्षक नहीं दिये जाते । लेकिन यदि स्थिति को देखते हुए आवश्यक समझा गया तो बाद में सशस्त्र रक्षक की व्यवस्था कर दी जायेगी ।

Demand for wage freeze to curb Inflation

684. SHRI GIRIDHAR GOMANGO:
SHRI RAMSHEKHAR PRASAD SINGH:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether there is a great demand for wage freeze to curb inflation in the country;